1-President Ram Nath Kovind completed four years in office.

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने कार्यकाल के चार साल पूरे कर लिए।

2-The Union Home Minister, Amit Shah, laid the foundation stone for the Multipurpose Convention Centre and Exhibition Facility of the North Eastern Space Applications Centre-NESAC, in Shillong.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिलांग में उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (**North Eastern Space Applications Centre-NESAC)** के बहुउद्देयशीय सम्मेलन केंद्र और प्रदर्शनी सुविधा का शिलान्यास किया।

3-The Union Home Minister Amit Shah launched the Green Sohra Afforestation Campaign at Sohra (Cherrapunji).

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोहरा (चेरापूंजी) में हरित सोहरा वनीकरण अभियान का शुभारंभ किया।

4-The Union Home Minister Amit Shah inaugurated the Inter-State Bus Terminal at Maviyang.

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मावियोंग में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल का उद्घाटन किया।

5-A 33/11kV 10 MVA Substation commissioned under the IPDS scheme of the Government of India was inaugurated in Nusso, Bandipora.

बांदीपोरा के नुसो में भारत सरकार की एकीकृत विद्युत विकास (आईपीडीएस) योजना के तहत शुरू किए गए **33/11** केवी **10** एमवीए सबस्टेशन का उद्घाटन किया गया।

6-Five cultural sites in Saudi Arabia and Europe have been inscribed on the world heritage list, the Unesco announced in a statement.

यूनेस्को ने एक बयान में घोषणा की कि सऊदी अरब और यूरोप के पांच सांस्कृतिक स्थलों को वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया है।

7-The United Nations General Assembly (UNGA) has adopted its first-ever resolution on vision aimed at ensuring global access to eye care for the 1.1 billion people living with preventable sight loss by 2030.

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने **2030** तक दृष्टि हानि (साइट लॉस) से पीड़ित **1.1** अरब लोगों की आंखों की देखभाल के लिए वैश्विक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने पहले संकल्प को अपनाया है।

8-Uttar Pradesh has emerged as the largest ethanol-producing state in the country.

देश में इथेनॉल के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उत्तर प्रदेश का नाम पहले नंबर पर आया है।

9-Niti Aayog and TRIFED (Tribal Cooperative Marketing Development Federation of India Limited) have joined hands for successful implementation of 'Van Dhan Yojana' in tribal clusters of aspirational districts of the country.

नीति आयोग और ट्राइफेड (ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) ने देश के आकांक्षी जिलों के आदिवासी समूहों में वन धन योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए हाथ मिलाया है।

10-Ahmed Hafnaoui won Tunisia's first gold at the Tokyo Olympic Games in the men's swimming 400m freestyle.

अहमद हफनौई ने पुरुषों की **400** मीटर फ्रीस्टाइल में टोक्यो ओलंपिक खेलों में ट्यूनीशिया के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।